

माही को सोशल मीडिया पर शो बाजी पसंद नहीं

धोनी अपने धुन में रहने वाले शख्स हैं। भेड़ चाल में विश्वास नही रखते। अपने मन की सुनते और दिल की करते हैं। दूसरे क्रिकेटर्स की तरह सोशल मीडिया पर शो बाजी भी उन्हें पसंद नहीं। और न ही किसी तरह का कोई बयान देकर मीडिया की सुर्खियां बटोरने का हथकंडा अपनाते हैं। बावजूद इसके सोशल मीडिया पर उनसे ज्यादा फैन फॉलोइंग शायद ही किसी भारतीय खिलाड़ी की हो।

## एमएस धोनी ने वजन घटाकर फैंस को दिया सरप्राइज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी रिटारमेंट के बाद भी सुर्खियों में बने रहते हैं। हाल में अपना 40वां बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले रांची के राजकुमार माही की कुछ तस्वीरें इस समय सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी करने वाले कैप्टन कूल धोनी को एक दिन पहले मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। धोनी भारतीय सिंगर और म्यूजिक कंपोजर राहुल वैद्य की शादी में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे थे। माही की तस्वीरें जो इस समय वायरल हो रही हैं उसमें वह प्लेन ब्लैक टी–शर्ट और ग्रे कलर का पैंट पहने हुए हैं। 40 वर्षीय धोनी इन तस्वीरों में नए लुक में नजर आ रह हैं। वह एकदम स्लिम दिखाई दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो उन्होंने आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ से पहले अपना वजन घटाया हो। हाल में धोनी के किसी फैन अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की गई थी। जहां माही अपने पुराने दोस्तों के साथ खाना खाते नजर आ रहे थे।

# सीरीज श्रीलंका में और नजर टी 20 विश्व कप पर

क्रिकेट

## संजू सैमसन को मिल सकता है डेब्यू का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। भारतीय टीम में भले ही कई स्टार खिलाड़ी नहीं है लेकिन उसके युवा खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब हैं। ऐसे में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों के छह मैचों की सीरीज रोमांचक होने की संभावना है। भारत और श्रीलंका के बीच आज पहला वनडे खेला जाएगा। किसी भी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत प्रमुख होती है लेकिन इस दौरे में भारत कुछ नए संयोजन आजमा सकता है। श्रीलंकाई टीम में कोविड–19 के कुछ मामले आने के बाद यह सीरीज पांच दिन देर से शुरू हो रही है। सीरीज में तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे।

**शनाका 10वें कप्तान होंगे:** दासुन शनाका पिछले चार वर्षों में टीम में 10वें कप्तान होंगे। धनंजय डिसिल्वा और तेज गेंदबाज दुशमंत चमीरा को छोड़कर कोई भी ऐसा खिलाड़ी नजर नहीं आता है जो शिखर धवन की अगुआई वाली भारतीय टीम को कड़ी चुनौती दे सके।

ब्रिटेन दौरे में जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन के कारण कुसल मेंडिस और निरोशन डिकवेला के निलंबन और पूर्व कप्तान कुसल परेरा के चोटिल होने से श्रीलंका कमजोर पड़ गया है। इंग्लैंड के खराब दौरे के बाद यदि उसकी टीम जीत दर्ज करती है तो यह उसके लिये बड़ी उपलब्धि होगी।

भारतीय टीम में पृथ्वी साव, धवन, हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार की ही अंतिम एकादश में जगह पक्की लग रही है। अन्य स्थानों के लिए हालांकि एक से अधिक दावेदार हैं। संजू सैमसन को वनडे डेब्यू का मौका मिल सकता है।



**पडिक्कल और गायकवाड़ में जंग** नंबर तीन के लिए देवदत्त पडिक्कल और रुतुराज गायकवाड़ दावेदार हैं। यह देखना होगा कि क्या सूर्यकुमार यादव की शॉट जमाने की काबिलियत पर भरोसा दिखाया जाता है कि मनीष पांडे को निरंतरता दिखाने के लिए मौका दिया जाता है। ऑफ स्पिन विभाग में कृष्णप्पा गौतम हैं और देखना होगा कि क्या उन्हें बाए हाथ के स्पिनर क्रुणाल पंड्या पर प्राथमिकता मिलती है। राहुल चाहर और युजवेंद्र चहल के बीच भी लेग स्पिनर के स्थान के लिए मुकाबला है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी मौके की तलाश में हैं। विकेटकीपर के लिए भी इशान किशन और संजू सैमसन दावेदार हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे में टीम प्रबंधन को अगले 11 दिन तक इस तरह के कई सवालों के जवाब ढूंढने होंगे।

# बिटिया आइरा के जन्मदिन पर इमोशनल हुए शमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की बिटिया आइरा शनिवार को 6 साल की हो गईं। टीम इंडिया के अनुभवी पेसर शमी इस समय इंग्लैंड में हैं। शमी ने बेटी के बर्थडे के मौके पर सोशल मीडिया पर आइरा की फोटो शेयर कर खास मेसेज लिखा।

शमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आइरा की पुरानी तस्वीर शेयर कर उन्हें बर्थडे की बधाई देते हुए लिखा, ‘ मेरी प्यारी बेटी को जन्मदिन की बधाई! आप मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से बहुमूल्य हैं। उम्मीद करता हूं की आपको इस बात का एहसास होगा कि आप ही मेरे लिए सबकुछ हैं। आप

सोशल मीडिया पर आइरा की फोटो शेयर कर खास मेसेज लिखा

सकारात्मक, आकर्षक और प्यारी बिटिया हैं। मुझे आपको अपनी बेटी कहने पर गर्व है। हैप्पी बर्थडे टू माइ परफेक्ट लिटिल गर्ल!

दाएं हाथ के अनुभवी पेसर की बिटिया को पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना सहित कई खिलाड़ियों ने बधाई दी है। शमी के छोटे भाई और बंगाल की ओर से रणजी खेलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद कैफ ने रेड कलर के दो हार्ट वाले इमोजी के साथ लिखा, आपको जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई बेबो। मिस यू बेबो। शमी ने कुछ दिन पहले इंस्टाग्राम पर अपनी बिटिया आइरा का एक क्यूट डांस वीडियो शेयर किया था। वीडियो में आइरा फेमस सॉन्ग एक बार पर्दा हटा दे शराबी पर जमकर ठुमके लगा रही थी। आइरा का डांस मूव्स देखने लायक था।

**हसीन जहां और शमी अलग रह रहे हैं:** पत्नी हसीन जहां ने शमी पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा था कि शमी का उनके अलावा किसी और के साथ भी अफेयर है। मामला कोर्ट तक पहुंच गया था और दोनों फिलहाल अलग रह रहे हैं। हसीन जहां ने अपनी बेटी आइरा के नाम के आगे से शमी का सरनेम हटाकर अपना सरनेम लगा दिया है। हसीन ने अपनी बेटी का नाम आयरा जहां रखा है। हसीन जहां मॉडलिंग में करियर बनाने के लिए आईपीएल में चीयरलीडर के तौर पर जुड़ी हुई थीं।

## भारत–पाक की टक्कर फिक्स होते ही फिर छा गया मौका–मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान की टीमें आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2021 में फिर आमने सामने होंगी। आईसीसी ने सुपर 12 ग्रुप की घोषणा की जिसमें भारत और पाकिस्तान की टीमों को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इस खबर के फैंस तक पहुंचते ही सोशल मीडिया पर मौका मौका ट्रेंड करने लगा। लोग मौका मौका दोबारा कहकर मजे लेने लगे। इंटरनेट पर मीम्स और जोक्स की बौछारे होने लगीं। एक यूजर ने लिखा, आप ग्रुप पर फोकस कर रहे हैं, मैं मौका–मौका पर ध्यान दे रहा हूं। एक अन्य फैन ने लिखा, यह समय दोबारा मौका मौका का है। टी20 विश्व कप में छठी बार दोनों टीमें आमने सामने होंगी। इससे पहले 2007 में फाइनल सहित दो बार दोनों टीमों का आमना सामना हुआ था। साल 2012 में सुपर आठ में फिर भारत और पाक की भिड़ंत हुई थी। इसके अलावा 2014 और 2016 में दोनों टीमें ग्रुप स्तर पर एक दूसरे के आमने सामने थीं। यह टी20 वर्ल्ड कप का 7वां एडिशन होगा। इससे पहले छह एडिशन में से 2009 और 2010 में दोनों टीमें नहीं टकराई थीं।

## न्यूज डायरी



### पंजाब में जन्मे आयरिश क्रिकेटर सिमी सिंह ने रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही सीरीज का तीसरा और अंतिम वनडे मैच जीत लिया हो बावजूद इसके आयरलैंड के क्रिकेटर सिमी सिंह ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से सबका मन मोह लिया। सिमी 8वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और करियर का अपना पहला वनडे शतक पूरा किया। यही नहीं सिमी ने इस दौरान वर्ल्ड रेकॉर्ड पर अपने नाम किया। वनडे इंटरनैशनल क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी बल्लेबाज ने 8वें नंबर पर उतरकर शतक जड़ा हो। पंजाब में जन्मे सिमी सिंह ने अपनी नाबाद शतकीय पारी में 91 गेंदों पर 14 चौके जड़े। सिमी उस समय क्रीज पर आए जब लोरकन टकर को एंडिले फेहुलकवायो ने सिर्फ एक रन पर पवेलियन भेज दिया था। एक समय आयरलैंड का कुल स्कोर 6 विकेट पर 92 रन था। स्पिन ऑलराउंडर सिमी सिंह ने पेसर एनरिज नोर्त्जे, केशव महाराज, एंडिले फेहलुकवायो और तबरेज शम्सी की गेंदों के खिलाफ जिस तरह की बल्लेबाजी की वह काबिलेतारीफ है।

### तोक्यो ओलिंपिक खेल गांव में कोरोना की सेंधमारी, मचा हड़कंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक 2020 को शुरू होने में अब सिर्फ 6 दिन का समय बचा है। कई देशों के एथलीट खेल गांव पहुंच चुके हैं। भारत का पहला जत्था भी आज तोक्यो रवाना होगा। खेलों के महाकुंभ के शुरू होने से पहले शनिवार को तोक्यो से खबर आई की खेल गांव में कोरोना का पहला केस सामने आया है। इसकी जानकारी आयोजकों ने दी। तोक्यो ओलिंपिक का आयोजन 23 जुलाई से 8 अगस्त तक होना है। तोक्यो आयोजन कमेटी के प्रवक्ता मासा तकाया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, खेल गांव में एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव मिला है। ये खेल गांव में पहला मामला है। स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान इसका पता चला। ओलिंपिक के दौरान कोरोना संक्रमण दर बढ़ने की आशंका से जापान खेलों के समापन तक कोरोना आपातकाल की घोषणा की गई है।

### चीते सी फुर्ती...हवा में छलांग...बाउंड्री पर एक हाथ से फिंच का कैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने 5वें और अंतिम टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज 4–1 से अपने नाम कर ली है। कैरेबियाई टीम की ओर से ओपनर इविन लुइस ने धमाकेदार अर्धशतक जड़ा जबकि गेंदबाजी में पेसर शेल्डन कॉट्रेल और आंद्रे रसल ने कमाल दिखाया। इस बीच विंडीज खिलाड़ी फेबियन ऐलन अपनी शानदार फील्डिंग से सुर्खियों में हैं। ऐलन ने बाउंड्री के नजदीक कंगारू कप्तान आरोन फिंच का शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें ओवर की दूसरी गेंद पर फिंच ने हेडन वॉल्श के खिलाफ लॉन्ग ऑन बाउंड्री की तरह हवा में शॉट खेला। ऐलन उसी तरफ फील्डिंग कर रहे थे। फिर क्या था। फेबियन ऐलन ने गेंद की तरफ दौड़ लगाई और हवा में बाएं हाथ से बेहतरीन कैच लपककर फिंच को पेवेलियन जाने पर मजबूर कर दिया।

### बुलेट चबाने जैसा है श्रीलंका क्रिकेट का हालः रसेल अर्नाल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीलंका। श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी रसेल अर्नाल्ड का मानना है कि सीनियर खिलाड़ियों के एक साथ जाने के कारण श्रीलंका क्रिकेट का स्तर गिरता चला गया, जिसकी भरपाई करने के लिए अभी भी टीम प्रयासरत है। हालांकि टीम खेलती जा रही है लेकिन जीत नहीं रही। ऐसे में उसका हाल बुलेट (बंदूक की गोली) चबाने जैसा है। श्रीलंका और भारत के खिलाफ वनडे सीरीज रविवार से शुरू होगी। रसेल अर्नाल्ड ने कहा कि यह काफी रोचक है क्योंकि पिछले कुछ सालों से तो श्रीलंका क्रिकेट टीम की कोई दिशा नजर नहीं आ रही है। एक बार फिर से नया कप्तान है। बहुत कुछ उथल–पुथल चोटों के चलते भी जारी है।